# श्री सिद्ध बाबा बालक नाथ मन्दिर न्यास दियोटसिद्ध, तहसील बड़सर, जिला हमीरपुर, हिमाचल प्रदेश के निधि लेखों का अंकेक्षण एवं निरीक्षण प्रतिवेदन

**अवधि 1/12 से 12/12**

**भाग–एक**

1 **प्रस्तावनाः–**

**(क)** हिमाचल प्रदेश हिन्दु सार्वजनिक धार्मिक संस्था और पूर्व विन्यास अधिनियम 1984 की धारा 23 (2) (ग)(2) तथा हिमाचल प्रदेश सरकार की अधिसूचना संख्या भाषा (A)3–3/85–पार्ट–II दिनांक 17.1.1989 के अन्तर्गत जारी दिशा निर्देशों के दृष्टिगत, श्री सिद्ध बाबा बालक नाथ मन्दिर न्यास दियोट सिद्ध के अवधि 1/12 से 12/12 के लेखाओं का अंकेक्षण इस विभाग द्वारा किया गया।

**अंकेक्षणाधीन अवधि के दौरान मन्दिर न्यास श्री सिद्ध बाबा बालक नाथ दियोटसिद्ध के महत्वपूर्ण पदों पर निम्नलिखित अधिकारी कार्यरत्त रहेः–**

**(क) उपायुक्त हमीरपुर एवं आयुक्त श्री सिद्ध बाबा बालक नाथ मन्दिर दियोटसिद्ध**

| **अधिकारी का नाम** | **अवधि** |
|---|---|
| श्री राजेन्द्र सिंह | 01.01.2012 से 31.12.2012 |

**(ख) उपमण्डलाधिकारी (ना) बड़सर एवं अध्यक्ष श्री सिद्ध बाबा बालक नाथ मन्दिर दियोट सिद्ध**

| **अधिकारी का नाम** | **अवधि** |
|---|---|
| श्री ओ0पी0 ठाकुर | 01.01.2012 से 31.12.2012 |

**(ग) मन्दिर अधिकारी श्री सिद्ध बाबा बालक नाथ मन्दिर न्यास दियोटसिद्ध**

| **अधिकारी का नाम** | **अवधि** |
|---|---|
| श्री सूरज प्रकाश सोनी | 01.01.2012 से 31.12.2012 |

(ख) गम्भीर अनियमितताओं का सारः–

**श्री सिद्ध बाबा बालक नाथ मन्दिर न्यास के अवधि 1/2012 से 12/2012 के अंकेक्षण प्रतिवेदन में पाई गई गम्भीर अनियमितताओं का सार निम्न प्रकार से हैः–**

| क्र0सं0 | पैरा सं0 | गम्भीर अनियमितताओं का संक्षिप्त सार | राशि (लाख में) |
|---|---|---|---|
| 1 | 5 (क) | कम दरो पर राशि निवेशित करने के कारण कम ब्याज की प्राप्ति बारे | 9.32 |
| 2 | 5 (ख) | निवेशित राशियों पर कम ब्याज दिये जाने बारे | 0.23 |
| 3 | 10 (ग) | मन्दिर न्यास में कार्यरत्त कर्मचारियों को विशेष भत्ता के फलस्वरूप अधिक भुगतान करने बारे | 2.36 |
| 4 | 13 | विज्ञापनों पर अनियमित रूप में व्यय की गई राशि | 5.77 |
| 5 | 14 | हिमाचल प्रदेश नागरिक आपूर्ति निगम को सीमेन्ट की आपूर्ति हेतु भेजी गई राशि में से शेष राशि का न तो सीमेन्ट प्राप्त करना और न ही शेष राशि प्राप्त करना | 0.39 |
| 6 | 22 | मन्दिर न्यास के कर्मचारियों द्वारा उच्च न्यायालय में दायर याचिका के प्रत्युत्तर/difence में उच्चतम न्यायालय द्वारा "जयदेव गुप्ता Vs हिमाचल प्रदेश सरकार" के मामले में दिये गये निर्णय (AIR 1998 SC2 819) को गम्भीरता से न करने के कारण प्रार्थियों को न्यास निधि से अनुचित व अनियमित भुगतान करना | 30.00 |
| 7 | 10 (घ) | हिमाचल प्रदेश की अधिसूचना में पदों का वर्णन न होने पर भी न्यास के कर्मचारियों को ग्रेड पे दिए जाने के बारे में | विवरण पैरे में दिया गया है |

## (घ) गत अंकेक्षण प्रतिवेदनः–

गत अंकेक्षण प्रतिवेदनों के शेष पैरों पर की गई कार्रवाई का अवलोकन करने के उपरान्त पैरों की नवीनतम स्थिति इस अंकेक्षण प्रतिवेदन के **"परिशिष्ट–I"** पर दर्शाई गई है। प्रायः यह देखने में आया है कि गत अंकेक्षण प्रतिवेदनों के शेष पैरों पर मन्दिर न्यास द्वारा कोई ठोस कार्रवाई नहीं की जा रही है जो अत्यन्त चिन्ताजनक है। अतः मन्दिर न्यास द्वारा इन लम्बित पैरों के निपटारे हेतु विशेष अभियान/कार्रवाई की जानी सुनिश्चित की जाए ताकि अधिक से अधिक पैरों का निस्तारण सम्भव हो सके। इस सन्दर्भ में अनुपालना से यथा समय इस विभाग को अवगत करवाया जाए

## भाग–दो

## 2 वर्तमान अंकेक्षणः–

मन्दिर न्यास के अवधि 1/2012 से 12/2012 के लेखों का वर्तमान अंकेक्षण/जॉच परीक्षण जिसके परिणाम अनुवर्ती अनुच्छेदों में दिये गये है, सर्व श्री तारा चन्द महन्त (सहायक नियन्त्रक) तथा श्री पुनीत कुमार (आर्टिकल सहायक) द्वारा दिनांक 21.10.2013 से 18.1.2014 के दौरान दियोट सिद्ध में किया गया। माह 04/2012 का चयन आय की जांच हेतु तथा माह 6/12 का चयन व्यय की जांच हेतु किया गया।

इस अंकेक्षण प्रतिवेदन को मन्दिर न्यास के मन्दिर अधिकारी/नियन्त्रण अधिकारी द्वारा उपलब्ध करवाई गई सूचनाओं एवं अभिलेख के आधार पर तैयार किया गया है। स्थानीय लेखा परीक्षा विभाग उक्त न्यास द्वारा उपलब्ध करवाई गई किसी भी प्रकार की गलत सूचना अथवा सूचना जो उपलब्ध नहीं करवाई गई है, की जिम्मेवारी लेने से इन्कार करता है।

## 3 अंकेक्षण शुल्कः–

मन्दिर न्यास के अवधि 1/2012 से 12/2012 के अंकेक्षण हेतु अंकेक्षण शुल्क ₹70500/–बनता है जिसका ब्यौरा निम्न प्रकार से हैः–

| **क्र0सं0** | **नाम** | **विवरण** | **अंकेक्षण शुल्क की राशि** |
|---|---|---|---|
| 1 | श्री तारा चन्द महत्न (सहायक नियन्त्रक) | 60 दिन | 60X600=36000 |
| 2 | श्री पुनीत कुमार (आर्टिकल सहायक) | 69 दिन | 69X500=34500 |
| | | **कुल राशि** | **₹70500** |

अंकेक्षण शुल्क की उक्त राशि को राजकीय कोष में जमा करवाने हेतु मन्दिर अधिकारी से अंकेक्षण अधियाचना संख्या ए0सी0 (आडिट) 308 दिनाँक 17.1.2014 द्वारा अनुरोध किया गया। अतः उपरोक्त राशि रेखाकिंत बैंक ड्राफ्ट के माध्यम से निदेशक स्थानीय लेखा परीक्षा विभाग हिमाचल प्रदेश शिमला 171009 को भेजी जानी सुनिश्चित की जाये। मन्दिर न्यास द्वारा अंकेक्षण दल को अवगत करवाया कि अंकेक्षण शुल्क की ₹70500/– यूको बैंक शाखा दियोटसिद्ध के बैंक ड्राफ्ट संख्या 488594 दिनांक 19.2.14 द्वारा निदेशक स्थानीय लेखा परीक्षा शिमला–9 को भिजवा दी गई है।

## 4 वित्तीय स्थितिः–

श्री सिद्ध बाबा बालक नाथ मन्दिर न्यास दियोटसिद्ध द्वारा प्रस्तुत न्यास की वर्ष 2012 की वित्तीय स्थिति निम्न प्रकार से रही।

**(i)** दान व चढ़ावा निधि, मन्दिर निधि, गिरावट/ह्रास निधि तथा संचित निधि की वित्तीय स्थिति दिनाँक 31.12.2012 तक निम्न प्रकार से है, जिनका विवरण परिशिष्ट II (1) पर भी दिया गया हैः–

| | |
|---|---|
| **प्रारम्भिक शेष (1.1.2012)** | **223748823.85** |
| वर्ष में प्राप्त आय | 179531536.63 |
| वर्ष में प्राप्त ब्याज | 18501088.00 |
| **कुल प्राप्तियाँ** | **421781448.48** |
| वर्ष में किया गया व्यय | 152650914.00 |
| **अन्तिम शेष (31.12.2012)** | **269130534.48** |

उपरोक्त वर्णित अन्तशेष की ₹269130534.48 का निधिवार रोकड़ बही के अनुसार अन्तशेष का विवरण निम्न प्रकार से है जिसका बैंक खातों में शेष राशि में मिलान का विस्तारपूर्वक विवरण **परिशिष्ट "II"** में भी दिया गया है।

| | |
|---|---|
| दान निधि | 30251138.48 |
| चढ़ावा निधि | 128516821.00 |
| मन्दिर निधि | 68951987.00 |
| गिरावट एवं ह्रास निधि | 20683304.00 |
| संचित निधि | 20727284.00 |
| **योग** | **269130534.48** |

**(ii) जलपान गृह निधिः– परिशिष्ट "II" (2)**

| | |
|---|---|
| **प्रारम्भिक शेष (1.1.2012)** | **7280781.25** |
| वर्ष में प्राप्त आय | 4575340.00 |
| वर्ष में प्राप्त ब्याज | 653961.00 |
| **कुल प्राप्तियाँ** | **12510082.25** |
| वर्ष में किया गया व्यय | 3385784.00 |
| **अन्तिम शेष (31.12.2012)** | **9124298.25** |

**दिनांक 31.12.2012 को बैंक में जमा राशि विवरण**

| | |
|---|---|
| सावधिक खाते मे दिनांक 31.12.12 में जमा कुल राशि (31.12.2012) | 8797209.00 |
| यूको बैंक खाते संख्या 00127 में दिनांक 31.12.2012 को अन्तशेष | 327089.25 |
| **योग** | **9124298.25** |

**(iii) सिद्ध आँचल संराय निधिः–**

| | |
|---|---|
| **प्रारम्भिक शेष (1.1.2012)** | **427317** |
| वर्ष में प्राप्त आय | 434949 |
| वर्ष में प्राप्त ब्याज | 18303 |
| **योग** | **880569** |
| वर्ष के दौरान भुगतान की गई राशि | 128178 |
| **अन्तिम शेष (31.12.2012)** | **752391** |

**दिनांक 31.12.2012 को बैंक में जमा राशि विवरण**

| | |
|---|---|
| बचत खाता संख्या 205 यूको बैंक दियोटसिद्ध में 31.12.2012 को अन्तशेष | 752391 |

**(iv) प्रतिभूति निधिः– परिशिष्ट "II" (4)**

| | |
|---|---|
| **प्रारम्भिक शेष (1.1.2012)** | **898649** |
| वर्ष में प्राप्त आय | 620011 |
| वर्ष में प्राप्त ब्याज | 17978 |
| **कुल प्राप्तियाँ** | **1536638** |
| वर्ष के दौरान भुगतान की गई राशि | 613218 |
| **अन्तिम शेष (31.12.2012)** | **923420** |

**दिनांक 31.12.2012 को बैंक में जमा राशि विवरण**

| | |
|---|---|
| प्रतिभूति बैंक खाते काँगड़ा को0ओ0 संख्या 415 में 31.12.2012 को अन्तशेष | 923420 |

## 5 सावधिक जमा योजना पर निवेशित राशियों पर प्राप्त ब्याज के बारे में:–

### (क) कम दरों पर राशि निवेशित करने पर ₹9.32 लाख की कम ब्याज की प्राप्ति के बारे:–

जॉच के दौरान पाया गया कि मन्दिर न्यास द्वारा सावधि जमा योजना के अन्तर्गत राशियों को विभिन्न बैंकों की शाखाओं में निवेश किया गया है जिन पर बैंकों की विभिन्न शाखाओं द्वारा अलग–2 दर से ब्याज दिया गया जिस कारण मन्दिर न्यास को सावधि जमा योजना में निवेशित राशियों पर ब्याज की लगभग ₹932700/– कम प्राप्ति हुई है जिसका विस्तारपूर्वक विवरण इस अंकेक्षण प्रतिवेदन के **"परिशिष्ट–II (A)"** में दिया गया हैं। अतः सावधि जमा योजना के अन्तर्गत ब्याज की कम प्राप्ति की गई इस राशि का औचित्य स्पष्ट किया जाये तथा इस प्रकरण में न्यास स्त्तर पर विस्तृत जांच करके वस्तु स्थिति से अंकेक्षण को अवगत करवाया जाए तथा यदि सम्भव हो तो ब्याज की हानि का मामला सम्बन्धित बैंकों की शाखाओं में उठाया जाए तथा भविष्य में सावधि जमा योजना में राशियों को उन्हीं बैंकों में निवेशित किया जाना सुनिश्चित किया जाऐ जिसके द्वारा अधिकतम दर से ब्याज दिया जाए। इस सन्दर्भ में अनुपालना से इस विभाग को अवगत करवाया जाए।

### (ख) निर्धारित अवधि के पश्चात परिपक्ता तिथि पर ₹23428/– का कम ब्याज दिये जाने बारे:–

मन्दिर न्यास श्री बाबा दियोटसिद्ध द्वारा निवेशित राशियों पर अर्जित ब्याज की जाँच करने पर पाया गया कि विभिन्न बैंकों में निवेशित राशियों पर निर्धारित अवधि में पश्चात परिपक्वता तिथि पर ₹23428/– का कम ब्याज दिया गया है जिसका विवरण निम्न प्रकार से दिया गया है। अतः इस प्रकरण का पुनः अवलोकन करते हुये कम दिये गये ब्याज का मामला सम्बन्धित बैंक से उठाकर कम दिये गये ब्याज को सम्बन्धित बैंकों से प्राप्त किया जाना सुनिश्चित किया जाए।

| Sr. No. | F.D.R. No. | Rate of int. | Amount | Date of investment | Period | Maturity value due | Maturity Value Paid | Less intt. given | Name of Bank |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 585015 | 8.75% | 559457 | 13.7.12 | One year | 610039 | 607103 | 2936 | SBP Barsar |
| 2 | 068014 | 9.50% | 310914 | 28.4.12 | One year | 341520 | 340187 | 1333 | UCO Bank |
| 3 | 068272 | 9.50% | 652649 | 29.4.12 | One | 716894 | 714098 | 2796 | -do- |

| | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | | | year | | | | |
| 4 | 988841 | 9.25% | 706432 | 2.11.12 | One year | 774078 | 770303 | 3775 | KCCB D/Sidh |
| 5 | 988891 | 9.25% | 824231 | 25.11.12 | One year | 903158 | 898752 | 4406 | KCCB Deotsidh |
| 6 | 988842 | 9.25% | 706432 | 25.11.12 | One year | 774079 | 770303 | 3776 | -do- |
| 7 | 988890 | 9.25% | 824231 | 25.11.12 | One year | 903158 | 898752 | 4406 | -do |
| | | | | | | | **Total** | **23428** | |

## 6 सोना एवं चांदी का विवरणः—

### (क) सोने का विवरणः—

मन्दिर अधिकारी द्वारा उपलब्ध करवाई गई सूचना **(परिशिष्ट–III)** के अनुसार अंकेक्षण अवधि 01.01.2012 से 31.12.2012 में सोने का विवरण निम्न प्रकार से हैः—

**सोनाः—**

| **अवधि** | **क्विंटल** | **कि0ग्रा0** | **ग्राम** | **मिलीग्राम** |
|---|---|---|---|---|
| 01.01.2012 को प्रारम्भिक शेष | — | 19 | 046 | 839 |
| वर्ष 2012 में प्राप्त सोना | — | — | 649 | 460 |
| 31.12.12 को अन्तशेष (शुद्ध एवं अशुद्ध) | — | 19 | 696 | 299 |

**दिनाँक 31.12.2012 को बैंक एवं स्टॉक में अन्तशेष**

| **क्र0सं0** | **विवरण** | **किलोग्राम** | **ग्राम** | **मिलीग्राम** |
|---|---|---|---|---|
| 1 | पी0एन0बी0 मैहरे लॉकर में जमा | 09 | 199 | 000 |
| 2 | स्वर्ण बाण्ड योजना में जमा शुद्ध सोना | 03 | 956 | 099 |
| 3 | मन्दिर सेफ में जमा शुद्ध सोना | 00 | 093 | 030 |
| 4 | मन्दिर सेफ में जमा (अशुद्ध सोना) | 06 | 448 | 170 |
| | **दिनाँक 31.12.2012 को कुल अन्तशेष (शुद्ध एवं अशुद्ध)** | **19** | **696** | **299** |

### (ख) चांदी का विवरणः—

मन्दिर अधिकारी द्वारा उपलब्ध करवाई गई सूचना **(परिशिष्ट–III)** के अनुसार अंकेक्षण अवधि 1.1.2012 से 31.12.2012 में चांदी का विवरण निम्न प्रकार से हैः—

**चाँदीः–**

| **अवधि** | **क्विंटल** | **कि0ग्रा0** | **ग्राम** | **मिलीग्राम** |
|---|---|---|---|---|
| 1.1.12 को प्रारम्भिक शेष | 02 | 22 | 878 | 320 |
| वर्ष 2012 में प्राप्त चांदी | – | 15 | 370 | 500 |
| 31.12.12 को अन्तशेष (शुद्ध एवं अशुद्ध चाँदी) | 02 | 38 | 248 | 820 |

**दिनाँक 31.12.12 को बेंक एवं स्टॉक के अनुसार चांदी के अन्तशेष का विवरणः–**

| **विवरण** | **क्विंटल** | **कि0ग्रा0** | **ग्राम** | **मिलीग्राम** |
|---|---|---|---|---|
| पी0एन0बी0 मैहरे लॉकर मे ंजमा च | 01 | 26 | 286 | 000 |
| मन्दिर सेफ में जमा अशुद्ध जमा | 01 | 11 | 962 | 820 |
| **दिनांक 31.12.12 को कुल अन्तशेष (शुद्ध व अशुद्ध)** | **02** | **38** | **248** | **820** |

**नोटः–** मन्दिर न्यास श्री बाबा बालक नाथ दियोट सिद्ध के अवधि 1/2012 से 12/2012 के अंकेक्षण के दौरान सोने–चाँदी से सम्बन्धित अभिलेख की जाँच करने पर पाया गया कि निम्न विवरणानुसार दानस्वरूप प्राप्त चाँदी (जोकि मन्दिर के सिहांसन तथा थडा जोत की जगह स्थापित की गई है) का न्यास के चाँदी स्टॉक रजिस्टर में इन्द्राज नहीं किया गया है। इस प्रकार दान स्वरूप प्राप्त चाँदी का स्टॉक इन्द्राज न करने का औचित्य स्पष्ट करें तथा न्यास स्तर आन्तरिक जाँच करके तुरन्त चाँदी की स्टॉक प्रविष्टि करके अनुपालना आगामी अंकेक्षण में दर्शाई जाये।

| **क्र0सं0** | **दिनाँक** | **रसीद सं0** | **चालान सं0** | **मात्रा/वजन चाँदी** | **विवरण** |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 17.9.2012 | 1381 | 6172 | 1 किलो 615 ग्राम | यह चाँदी मन्दिर थड़े के ऊपर सिहांसन हेतु लगाया गया है |
| 2 | 26.9.2012 | 1396 | 6190 | 7 किलो 725 ग्राम | यह चाँदी मन्दिर थड़े में जोत की जगह स्थापित/लगाई गई है |

### (ग) हीरा नगः–

मन्दिर अधिकारी द्वारा उपलब्ध करवाई गई सूचना **(परिशिष्ट III)** के अनुसार दिनाँक 31.12.2012 को मन्दिर न्यास श्री बाबा बालक नाथ दियोट सिद्ध में हीरा नग के अन्तशेष का विवरण निम्न प्रकार से हैः–

| **क्रमाँक** | **दिनाँक** | **विवरण** | **नग सं0** | **स्टॉक रजिस्टर पेज नं0** |
|---|---|---|---|---|
| 1 | 11.10.2003 | हीरा नग | 01 नग | 221 |

### (घ) काँच के मनकेः–

मन्दिर अधिकारी द्वारा उपलब्ध करवाई गई सूचना **(परिशिष्ट III)** के अनुसार दिनाँक 31.12.2012 को मन्दिर न्यास श्री बाबा बालक नाथ दियोटसिद्ध में काँच के मनको का अन्तशेष विवरण निम्न प्रकार से हैः–

| **क्रमाँक** | **दिनाँक** | **विवरण** | **नग सं0** | **स्टॉक रजिस्टर पेज नं0** |
|---|---|---|---|---|
| 1 | 25.01.2006 | काँच के मनके | 145 ग्राम | 226 |

## 7 विदेशी मुद्रा को क्रेडिट करवाने इत्यादि से सम्बन्धित अनियमितताएंः–

### (क) बैंक द्वारा विदेशी मुद्रा का क्रेडिट न दिये जाने बारेः–

विदेशी मुद्रा से सम्बन्धित अभिलेख की जांच में यह पाया गया कि मन्दिर न्यास द्वारा निम्न विवरणानुसार दान स्वरूप प्राप्त विदेशी मुद्रा को माह 5/12 तथा माह 6/12 में यूको बैंक दियोटसिद्ध शाखा में विनिमय हेतु जमा करवाया गया।

| **क्र0सं0** | **CURRENCY** | **माह 5/11 में जमा करवाई गई मुद्रा** | **माह 9/11 में जमा करवाई गई मुद्रा** |
|---|---|---|---|
| 1 | England Pond | 890 | 120 |
| 2 | USA Doller | 959 | 48 |
| 3 | Canada Doller | 2200 | 55 |
| 4 | Rial | 11 | 86 |
| 5 | Singapore | – | 10 |

| | | | |
|---|---|---|---|
| 6 | Euro | 15 | 50 |
| 7 | UAF Doller | 100 | 130 |
| 8 | Australlian Doller | 225 | 180 |
| 9 | Newzeeland Doller | 40 | — |

उपरोक्त विवरणानुसार बैंक में जमा करवाई गई विदेशी मुद्रा का विनिमय करके सम्बन्धित बैंक द्वारा क्रेडिट नहीं दिया गया था। अतः सम्बन्धित बैंक से यह मामला उठाकर विदेशी मुद्रा का विनियम करवाकर अपेक्षित राशि का क्रेडिट लिया जाना सुनिश्चित किया जाये।

## (ख) गलत गणना के कारण विदेशी मुद्रा को बैंक में कम जमा करवाने बारेः—

मन्दिर न्यास श्री बाबा बालक नाथ दियोटसिद्ध के विदेशी मुद्रा से सम्बन्धित अभिलेख की जाँच मे ंपाया गया कि निम्न विवरणानुसार गलत गणना के कारण विदेशी मुद्रा को बैंक में विनिमय हेतु कम जमा करवाया गया।

| क्र0सं0 | दिनाँक | विदेशी मुद्रा विवरण | अभिलेख पेज नं0 | बैंक को विनिमय हेतु भेजी विदेशी मुद्रा | अन्तर |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 6.2.12 से 27.2.12 | 540 UAE Doller | 161, 162 | 440 Doller | 100 Doller |

अंकेक्षण द्वारा आपत्ति उठाने पर उपरोक्त कम जमा करवाई गई विदेशी मुद्रा की निर्धारित विनिमय दर व ब्याज सहित ₹1500/— की वसूली चूककर्ता से करके यह राशि रसीद संख्या 37370 दिनाँक 7.1.2014 तथा चालान संख्या 9285 दिनाँक 8.1.14 द्वारा मन्दिर निधि में जमा करवा दी गई जिसकी पुष्टि अंकेक्षण के दौरान कर दी गई। अतः सुझाव दिया है कि भविष्य में आन्तरिक निरीक्षण प्रणाली को सुदृढ करें ताकि इस तरह की अनियमितता पर रोक लगाई जा सके।

## (ग) बैंक द्वारा विदेशी मुद्रा का कम क्रेडिट दिये जाने बारेः—

मन्दिर न्यास बाबा बालक नाथ मन्दिर, दियोटसिद्ध के विदेशी मुद्रा से सम्बन्धित अभिलेख की जाँच में पाया गया कि मन्दिर न्यास द्वारा दान स्वरूप प्राप्त विदेशी मुद्रा को यूको बैंक दियोटसिद्ध शाखा में विनिमय हेतु जमा करवाया गया है परन्तु यूको बैंक दियोटसिद्ध द्वारा न्यास द्वारा जमा करवाई गई विदेशी मुद्रा का निम्नविवरणानुसार कम क्रेडिट दिया गया। अतः सम्बन्धित बैंक शाखा से यह मामला उठाकर अपेक्षित राशि का क्रेडिट लिया जाना सुनिश्चित किया जाये।

| क्र0सं0 | विदेशी मुद्रा रजिस्टर पेज सं0 | करैन्सी का नाम | मन्दिर न्यास द्वारा बैंक में भेजी मुद्रा | बैंक द्वारा दिया गया केडिट | कम क्रेडिट मात्रा |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 139 | UAE Doller | 1225 | 1220 | 5 |
| 2 | 161 | UAE Doller | 205 | 105 | 100 |

**8 दान स्वरूप प्राप्त सामग्री/राशि, शिक्षण शुल्क तथा टैण्डर फार्मों की बिक्री की आय से सम्बन्धित अनियमितताऐं:–**

**(क)** मन्दिर न्यास द्वारा रसीद संख्या 3426 दिनाँक 1.4.2012 के अन्तर्गत दान/चढ़ावे के रूप में 51 कि0ग्रा0 चीनी प्राप्त की गई दर्शाई गई जबकि चालान संख्या 5007 दिनाँक 2.4.2012 में उक्त रसीद के अन्तर्गत मात्र 5 किलोग्राम चीनी प्राप्त की गई दर्शाई गई है। इस प्रकार कुल 46 किलोग्राम (51–5=46) चीनी कम दर्शाई गई जिसका बाजारी मूल्य ₹1627/– (35.36X46) बनता है। अंकेक्षण द्वारा आपत्ति उठाने पर ₹1627/– सम्बन्धित कर्मचारी से रसीद संख्या 37371 दिनाँक 7.1.2014 के अन्तर्गत वसूल करके न्यास निधि में राशि जमा करवा दी गई, जिसकी पुष्टि अंकेक्षण के दौरान कर दी गई। अतः सुझाव दिया जाता है कि भविष्य में आन्तरिक निरीक्षण प्रणाली को सुदृढ़ किया जाये ताकि इस प्रकार की अनियमितता पर रोक लगाई जा सके।

**(ख)** न्यास द्वारा रसीद संख्या 3026 दिनाँक 1.1.2012 के अन्तर्गत दान, चढ़ावा के रूप में 140 किलोग्राम आलू प्राप्त किए गए दर्शाये गये है जबकि चालान संख्या 4305 दिनाँक 2.1.2012 में उक्त रसीद के अन्तर्गत 110 किलोग्राम आलू प्राप्त किए गए दर्शाए गए है। इस प्रकार कुल 30किलोग्राम (140–110=30) आलू कम दर्शाये गये है जिसका बाजारी मूल्य ₹210/– (30X7) बनता है। अंकेक्षण द्वारा आपत्ति उठाने पर ₹210/– सम्बन्धित कर्मचारी से रसीद संख्या 37375 दिनाँक 9.1.2014 के अन्तर्गत वसूल करके मन्दिर न्यास में जमा करवा दी गई जिसकी पुष्टि अंकेक्षण के दौरान कर दी गई। अतः सुझाव दिया जाता है कि भविष्य में आन्तरिक निरीक्षण प्रणाली को सुदृढ़ किया जाये ताकि इस प्रकार की अनियमितता पर रोक लगाई जा सके।

**(ग)** मन्दिर न्यास द्वारा रसीद संख्या–4825 दिनांक 22.4.2012 के अन्तर्गत दान/चढ़ावा में 41 नग स्टील थाली प्राप्त की गई दर्शाई गई है जबकि चालान संख्या 678 दिनांक 23.4.2012 में उक्त रसीद के अन्तर्गत 41 नग स्टील चम्मच सामग्री का इन्द्राज कर दिया गया। अंकेक्षण द्वारा आपत्ति

उठाने पर न्यास द्वारा निर्धारित स्टील थाली की दर के मूल्य के अनुसार (3.80X120=₹456) की चूककर्ता से रसीद संख्या 00366 दिनाँक 18.1.2014 को वसूली करके न्यास निधि मे ंजमा करवा दी गई जिसकी पुष्टि अंकेक्षण के दौरान कर दी गई। अतः सुझाव दिया जाता है कि भविष्य में आन्तरिक निरीक्षण प्रणाली को सुदृढ़ किया जाये ताकि इस तरह के प्रकरणों पर रोक लगाई जा सके।

**(घ)** मन्दिर न्यास द्वारा निम्नविवरणानुसार दानस्वरूप प्राप्त विभिन्न सामग्रियों को कम करके चालान/स्टॉक रजिस्टर में दर्ज किया गया है जो कि गम्भीर अनियमितता है। अतः कम दर्ज की गई सामग्रियों की वसूली बाजारी मूल्य से सम्बन्धित कर्मचारियों से करके राशि मन्दिर न्यास निधि में जमा करवाई जाये तथा अनुपालना आगामी अंकेक्षण में दर्शाई जाये।

| **क्र0 सं0** | **रसीद सं0** | **दिनाँक** | **सामग्री** | **रसीद में दर्ज मात्रा कि0ग्रा0** | **न्यास चालान सं0** | **दिनाँक** | **चालान में दर्ज सामग्री मात्रा (कि0ग्रा0)** | **अन्तर मात्रा कि0ग्रा0** |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2719 | 16.12.12 | बेसन | 25कि0500ग्रा0 | 6601 | 17.12.12 | 20कि0 | 5कि0500ग्रा0 |
| 2 | 3562 | 20.3.12 | रिफाईन्ड तेल | 30 ली0 | 4531 | 22.3.12 | 20 ली0 | 10 ली |
| 3 | 4850 | 4.5.12 | हल्दी | 1कि0ग्रा0 | — | — | — | 1कि0ग्रा0 |
| 4 | 4148 | 31.3.12 | बेसन | 80कि0ग्रा0 | 5120 | 1.4.12 | 50कि0ग्रा0 | 30कि0ग्रा0 |
| 5 | 2185 | 20.11.12 | नमक | 2कि0ग्रा0 | 5669 | 22.11.12 | — | 2कि0ग्रा0 |
| 6 | 687 | 10.6.12 | नमक | 2कि0ग्रा0 | 5601 | 10.6.2012 | 1कि0ग्रा0 | 1कि0ग्रा0 |
| 7 | 753 | 24.6.12 | सफेद चने | 25कि0ग्रा0 | 5434 | 24.6.12 | 20कि0ग्रा0 | 5कि0ग्रा0 |

**(ङ)** मन्दिर न्यास द्वारा रसीद संख्या 4324 दिनाँक 8.4.2012 के अन्तर्गत चढ़ावे के रूप में 5 नग बकरे प्राप्त किए गए। न्यास के बकरों से सम्बन्धित स्टॉक रजिस्टर की जाँच में पाया गया कि उक्त रसीद के अन्तर्गत स्टॉक रजिस्टर में 4 बकरों की प्रविष्टि टोकन संख्या 177 से 180 के अन्तर्गत पेज नं0 33 में दर्ज की गई। अंकेक्षण द्वारा आपत्ति उठाने पर एक बकरे की कीमत की ₹400/– सम्बन्धित कर्मचारी से वसूल करके रसीद संख्या 37711 दिनाँक 18.1.2014 को दान

निधि खाते में राशि जमा करवा दी गई जिसकी पुष्टि अंकेक्षण द्वारा स्थल पर ही कर दी गई। अतः यह परामर्श दिया जाता है कि भविष्य में इस प्रकार की पुनरावृति को रोकने हेतु आवश्यक पग उठाए जाए।

**(च)** मन्दिर न्यास की गाड़ी संख्या एच0पी0–21–3095 (टैम्पों) की लॉग बुक की जाँच करने पर पाया गया कि श्रद्धालुओं द्वारा दानस्वरूप भेंट की गई टाईलों को लाने हेतु मन्दिर न्यास के आदेश पत्र संख्या 4052/53 द्वारा उक्त वाहन का दियोटसिद्ध से फगवाड़ा तथा वापिस दियोटसिद्ध के लिए प्रयोग किया गया। वाहन द्वारा फगवाड़ा से 1500 नग टाईलें (10X10 साईज) की दियोटसिद्ध लाई गई जिसमें वाहन द्वारा 324 कि0मी0 यात्रा की दर्शाई गई परन्तु दानस्वरूप प्राप्त टाईलों का स्टॉक इन्द्राज नहीं किया गया जोकि गम्भीर अनियमितता है। अतः दानस्वरूप प्राप्त टाईलों का स्टॉक इन्द्राज न करने का औचित्य स्पष्ट करें तथा प्राप्त टाईलों (1500 नं0) का तुरन्त स्टॉक इन्द्राज किया जाये तथा भविष्य के लिए सुझाव दिया जाता है कि आन्तरिक निरीक्षण प्रणाली को सुदृढ़ किया जाये ताकि इस प्रकार की अनियमितता दोहराई न जाए।

**(छ)** मन्दिर न्यास द्वारा रसीद संख्या 5411 से 5426 के अन्तर्गत ₹1250/– दान के रूप मे ंप्राप्त की गई लेकिन उक्त रसीदों के विरूद्ध चालान संख्या 3468 दिनांक 10.4.2012 के अन्तर्गत ₹1200 ही जमा करवाई गई। इस प्रकार ₹50 कम जमा करवाई गई। अंकेक्षण द्वारा आपत्ति उठाने पर ₹50 सम्बन्धित कर्मचारी से रसीद संख्या 36828 दिनांक 4.1.2014 के अन्तर्गत वसूल कर ली गई जिसकी पुष्टि अंकेक्षण के दौरान कर दी गई। अतः भविष्य में इस प्रकार की अनियमितता दोहराई न जाये।

**(ज)** मन्दिर न्यास द्वारा संचाँलित स्नातक महाविद्यालय संस्कृत महाविद्यालय, मॉडल स्कूल व वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला में कार्यरत्त शिक्षक वर्ग तथा अन्य कर्मचारियों के वेतन व भत्तें का भुगतान मन्दिर न्यास निधियों से किया गया है परन्तु उक्त शिक्षण संस्थाओं में शिक्षा ग्रहण कर रहे छात्रो ंसे प्राप्त शिक्षण शुल्क को मन्दिर न्यास निधि में जमा नहीं करवाया गया। चूंकि हिमाचल प्रदेश सरकार के शिक्षण संस्थाओं में कार्यरत्त शिक्षक वर्ग व अन्य कर्मचारियों को वेतन व भत्तों का भुगतान राजकीय कोष से किया जाता है तथा हिमाचल प्रदेश सरकार के शिक्षण संस्थाओं में शिक्षा ग्रहण कर रहे छात्रों से प्राप्त शिक्षण शुल्क को राजकीय कोष में जमा किया जाता है। उसी के अनुरूप मन्दिर न्यास के शिक्षण संस्थाओं से प्राप्त शिक्षण शुल्क को भी मन्दिर न्यास निधि अर्थात जिस निधि में से व्यय किया जाता है उस निधि में जमा करवाना अपेक्षित है। अतः परामर्श दिया जाता है कि इस प्रकरण मे ंसंस्था स्त्तर पर विस्तृत जाँच करके शिक्षण संस्थाओं से प्राप्त शिक्षण शुल्क को मन्दिर न्यास निधि में जमा करवाना सुनिश्चित किया जाए।

**(झ)** मन्दिर न्यास के टैण्डर फार्मों से सम्बन्धित अभिलेख की जाँच पड़ताल में पाया गया कि रसीद संख्या 8960 दिनाँक 7.3.2012 व चालान संख्या 3945 दिनांक 8.3.2012 के अन्तर्गत टैण्डर फार्मों की बिक्री से ₹900/– की कम वसूली मन्दिर न्यास द्वारा की गई। अंकेक्षण द्वारा आपत्ति उठाने पर ₹900/– चूककर्ता से वसूल कर रसीद संख्या 8994 दिनाँक 6.1.2014 व चालान संख्या 7562 दिनाँक 6.1.201 के अन्तर्गत मन्दिर निधि में जमा करवा दी गई जिसकी पुष्टि अंकेक्षण के दौरान कर दी गई। अतः सुझाव दिया जाता है कि भविष्य में आन्तरिक निरीक्षण प्रणाली को सुदृढ़ करके इस प्रकार की अनियमितता पर रोक लगाई जा सके।

**9 मन्दिर न्यास द्वारा संचालित सिद्ध आंचल संराय तथा अन्य संराय से सम्बन्धित अनियमितताएंः–**

**(क) सद्धि ऑचल संराय तथा संराय नं0 7, 8, 9 के आगन्तुक रजिस्टर का रख–रखाव उचित ढ़ंग से न करने बारेः–**

मन्दिर न्यास द्वारा संचाँलित सिद्ध आँचल संराय तथा संराय नं0 7, 8, 9 के आगन्तुक रजिस्टरों में यात्रियों के आने–जाने का समय, कमरों की संख्या, ठहराव की अवधि तथा प्रतिदिन खाली रहने वाले कमरों की संख्या इत्यादि का उल्लेख नहीं किया गया है जिस कारण उक्त संरायों से प्राप्त आय की सही पुष्टि नहीं जा सकी। अतः न्यास प्रशासन को सुझाव दिया जाता है कि उक्त संरायों में ठहरने वाले यात्रियों से सम्बन्धित आगन्तुक रजिस्टरों के अतिरिक्त शेष सभी संरायों के आगन्तुक रजिस्टरों का रख रखाव भी उचित ढ़ंग से किया जाना सुनिश्चित किया जाये। इस सन्दर्भ में अनुपालना से इस विभाग को अवगत करवाया जाये।

**(ख) मन्दिर न्यास द्वारा संचाँलित सिद्ध आँचल संराय (यात्री निवास) की आय में कमी होने के बारे व मेले के दौरान कमरे बिना आरक्षित/खाली दर्शाने बारेः–**

मन्दिर न्यास द्वारा सँचालित सिद्ध आँचल संराय की रोकड़ बही व सम्बन्धित अभिलेख की जाँच पड़ताल करने पर पाया गया कि सिद्ध आँचल संराये की आय में निरन्तर कमी आ रही है। मन्दिर न्यास द्वारा हर वर्ष आयोजित चैत्र मेले के दौरान श्रद्धालुओं की अधिक भीड़ मन्दिर में रहती है तथा श्रद्धालु हर वर्ष 14 मार्च से 14 अप्रैल तक बाबा बालक नाथ के दर्शनों के लिए आते है परन्तु सिद्ध आँचल संराय के कमरों को चैत्र मेले के दौरान भी अनारक्षित दर्शाया गया है जिसका विवरण **परिशिष्ट (iv)** में दिया गया है। अंकेक्षण में चर्चा के दौरान बताया गया कि मन्दिर न्यास द्वारा सिद्ध आँचल संराय (जो शाहतलाई से दियोटसिद्ध मार्ग्र पर स्थित है तथा जिसमें 18 कमरे है एवं प्रति कमरे का किराया ₹400 व ₹500 निर्धारित है) हिमाचल प्रदेश पर्यटन विभाग से वर्ष 2010

में लगभग 1 करोड़ 80 लाख में खरीदी थी। सामान्यतः चैत्र मेले के दौरान श्रद्धालुओं को रात्रि ठहराव हेतु संराय उपलब्ध नहीं रहती परन्तु इस दौरान भी सिद्ध आँचल संराये के कमरों को खाली दर्शाया गया जिसका औचित्य स्पष्ट किया जाए। इसके अतिरिक्त मन्दिर न्यास को सुझाव दिया जाता है कि सिद्ध आँचल संराय की आय में बढ़ौतरी हेतु विशेष प्रयास किए जाएं तथा मेलों के दौरान श्रद्धालुओं के आगमन व सुविधा हेतु संराये के कमरों को आरक्षित करने का प्रयास किया जाए। इस सन्दर्भ में अनुपालना से इस विभाग को अवगत करवाया जाए।

## (ग) मन्दिर न्यास द्वारा संचाँलित संरायों को जारी सामग्री की स्टॉक इन्द्राज न करने बारेः—

मन्दिर न्यास को दानस्वरूप श्रद्धालुओं से विभिन्न प्रकार की सामग्रियों जैसे कि कम्बल, रजाईयाँ, तकिया, चादरें व गददे इत्यादि प्राप्त होते है तथा उनका प्रयोग/उपयोग न्यास द्वारा संचाँलित संरायों में भी किया जाता है। अंकेक्षण के दौरान पाया गया कि निम्न विवरणानुसार न्यास द्वारा विभिन्न संरायों को सामग्री तो जारी की गई परन्तु सम्बन्धित सरायों के सब स्टॉक रजिस्टरों में जारी सामग्रियों का इन्द्राज नहीं किया गया है। अतः न्यास द्वारा जारी सामग्रियों का स्टॉक इन्द्राज करके अनुपालना आगामी अंकेक्षण में दर्शाई जाये।

| **क्र0सं0** | **दिनाँक** | **सामग्री विवरण** | **नग /सं0** | **संराय नं0 जिसे सामग्री जारी की गई संराय प्रभारी नाम सहित** | **वस्त्र/सामग्री रजिस्टर पेज नं0.** |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 11.1.2012 | कम्बल | 100 नग | 8 नं0 संराय (श्री केशवदत्त लिपिक) | 18 |
| 2 | 26.11.12 | कम्बल | 50 नग | 8 नं0 संराय (श्री मस्तान सिंह) | 22 |
| 3 | 24.12.12 | कम्बल | 50 नग | 8 नं0 संराय (श्री मस्तान सिंह) | 23 |
| 4 | 26.12.12 | दरी बड़ी | 5 नग | 8 नं0 संराय | 73 |
| 5 | 13.3.12 | सिरहानें | 10 नग | संराय नं0 8 (श्री मस्तान सिंह) | 110 |
| 6 | 25.4.12 | गददे | 12 नग | 8 नं0 संराय (श्री मस्तान सिंह) | 129 |
| 7 | 25.4.12 | रजाई (गिलाफ) | 6 नग | 7 नं0 संराय | 167 |
| | | **योग कुल** | **233 नग** | | |

**10 (क) श्री अनिल कुमार पुस्तकालय अटैण्डेंट (Library Attendent) को अधिक ग्रेड पे देकर ₹11051/– का अधिक भुगतान करने बारे:–**

श्री अनिल कुमार पुस्तकालय अटैण्डेंट (Libarary Attendent) की सेवा पंजिका की जाँच करने पर पाया गया कि उपरोक्त कर्मचारी को उपायुक्त हमीरपुर एवम आयुक्त मन्दिर न्यास दियोटसिद्ध के पत्र संख्या 6001 टी ए–II (x) एस0आर दिनाँक 19.9.2002 व एस0डी0ओ0 (सिविल) एवं अध्यक्ष मन्दिर न्यास दियोटसिद्ध के कार्यालय पृष्ठांकन संख्या 1302–1303/टी0ए0/एस0डी0बी0 दिनांक 17.10.2002 द्वारा अस्थाई तौर पर श्री बाबा बालक नाथ मन्दिर न्यास में पुस्तकालय परिसर के पद पर 950–1800+अन्य देय भत्तों के साथ नियुक्ति प्रदान की गई थी। अंकेक्षण के दौरान पाया गया कि एस0डी0ओ0 (सीविल) बड़सर एवम् अध्यक्ष मन्दिर न्यास दियोटसिद्ध द्वारा प्रधान सचिव (वित्त) हिमाचल प्रदेश सरकार की अधिसूचना संख्या फिन (पी0आर0) बी–64/2010–लूज दिनाँक 24.9.2012 तथा अधिूसचना संख्या फिन (पी0आर0) बी (7)–64/2010 दिनाँक 15.7.2013 का अनुरक्षण करते हुये श्री बाबा बालक नाथ मन्दिर न्यास में विभिन्न कर्मचारियों को अपने पत्र संख्या 1044/टी0ए0–1/एस0डी0बी0/2012 दिनाँक 25.10.2012 द्वारा उच्च ग्रेड पे स्वीकृत की गई है। अंकेक्षण के दौरान पाया गया कि प्रधान सचिव (वित्त) हिमाचल प्रदेश सरकार की अधिसूचना संख्या फिन (पी0आर0) बी (7)–64/2010 दिनाँक 15.7.2013 द्वारा पुस्तकालय अटैडेंन्ट (Library Attendent) को 4900–10680 व 1650 ग्रेड पे दिनाँक 1.7.2013 से प्रदान की गई है जबकि उक्त Libarary Attendance का अवधि 1.1.2006 से संशोधित वेतनमानों के अनुरूप फीटमैनट टेबल 4 में संशोधित वेतन मान व ग्रेड पे 5910–20200+1900 ग्रेड पे पर वेतन निर्धारण किया गया है तथा उनकों निम्नविवरणानुसार ₹11051/– की दिनाँक 31.10.13 तक अधिक भुगतान किया गया है। यह मामला सहायक नियन्त्रक (ले0प0) द्वारा अपने कार्यालय कैम्प अधियाचना संख्या स0नि. आडिट 294 दिनाँक 12.12.2013 द्वारा मन्दिर अधिकारी के समक्ष उठाया गया है, परन्तु उनके द्वारा इस सन्दर्भ में कोई कार्रवाई नहीं की गई।

| **माह** | **देय वेतन** | **आहरित वेतन** | **अन्तर** | **अधिक भुगतान की राशि व अवधि** |
|---|---|---|---|---|
| 1.10.12 | BP+GP+DA<br>8330+1900+7366 | BP+GP+DA<br>8240+2400+7661 | 705 | 1.1.2012 से 31.12.12<br>3X705=2115 |
| 1.1.13 | 8330+1900+8184 | 8240+2400+8512 | 738 | 1.1.13 से 30.9.13<br>9 X 738=6642 |

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| 1.10.13 | 8640+1900+8432 | 8560+2400+8760 | 748 | 1.10.13 से 31.12.13<br>3X748=2294 |
| | | | योग | ₹11051 |

अतः उपरोक्त पुस्तकालय अटैन्डैन्ट को उच्च वेतनमान प्रदान करने का औचित्य स्पष्ट किया जाए तथा अधिक ग्रेड वेतन की वसूली की जाना सुनिश्चित की जाए

**(ख) श्री शमशेर चन्द शर्मा की अधीक्षक ग्रेड II के पद पर गलत वेतन निर्धारण करने के फलस्वरूप ₹8309/– का अधिक भुगतान करने बारेः–**

श्री शमशेर चन्द शर्मा अधीक्षक ग्रेड II की सेवा पंजिका की जाँच करने पर पाया गया कि उपरोक्त कर्मचारी को एस0डी0ओ0 (सीविल) बड़सर एवम अध्यक्ष श्री बाबा बालक नाथ मन्दिर न्यास के कार्यालय आदेश संख्या 1070–1073/टीए/एसडीबी/2011 दिनाँक 7.10.11 द्वारा वरिष्ठ सहायक से अधीक्षक ग्रेड–II के पद पर पदोन्नति प्रदान की गई तथा उनके द्वारा दिनाँक 7.10.11 पूर्वाहन अधीक्षक के पद पर कार्य ग्रहण करने के पश्चात एफ0आर0 22 (ए) (1) के अन्तर्गत पदोन्नति लाभ हेतु अगली वेतन वृद्धि अर्जित करने पर विकल्प प्रदान किया गया। तत्पश्चात अवधि 1.1.06 से संशोधित वेतनमानों में दिये गये दिशा निर्देशों के विपरीत गलत वेतन निर्धारण करने पर उनको निम्नानुसार अधिक भुगतान किया गया है जिसका औचित्य स्पष्ट करते हुये अधिक भुगतान की वसूली की जाना सुनिश्चित करें।

| | | |
|---|---|---|
| i | दिनाँक 6.10.11 को वरिष्ठ सहायक के पद पर वेतन | 17860+4200=22060 |
| ii | पदोन्नति उपरान्त अधीक्षक ग्रेड –II के पद पर कार्य ग्रहण की तिथि | 7.10.11 पूर्वाहन |
| iii | अधीक्षक ग्रेड–II का वेतन मान | 10300–34800+4200 |
| iv | (अवधि 7.10.11 से 31.3.12 तक) का देय वेतन | 17860+4200=22060 |
| v | अगली वेतन वृद्धि दिनाँक 1.4.2012 को पदोन्नति का लाभ प्रदान करने पर देय वेतन | (i) 17860+670+4200=22730<br>(ii) 18530+690+4200=23420 |

| **अवधि** | **देय वेतन** | **आहरित वेतन** | **अन्तर** |
|---|---|---|---|
| 7.10.11 से 31.3.12 | 17860+4200=22060 | 18530+4200=22730 | 670 |
| 1.4.12 से 30.9.12 | 19220+4200=23420 | 19220+4400=23620 | 200 |

इस प्रकार उपरोक्त अन्तर के फलस्वरूप डी0ए0 सहित निम्नानुसार अधिक वेतन का भुगतान किया गया है। गलत वेतन निर्धारण का मामला सहायक नियन्त्रक (ले0प0) की अधियाचना संख्या ए0सी0 आडिट–306 दिनाँक 6.01.2014 द्वारा न्यास अधिकारी के ध्यानार्थ भी लाया गया है परन्तु न्यास द्वारा इस सन्दर्भ में कोई कार्रवाई नहीं की गई।

| **अवधि** | **देय वेतन** | **आहरित वेतन** | **अन्तर** | **अधिक भुगतान** |
|---|---|---|---|---|
| 7.10.11 से 31.10.11 | 17860+4200+12795=34855 | 18530+4200+13183=35913 | 1058 | 853 |
| 1.11.11 से 31.12.11 | 17860+4200+12795+34855 | 18530+4200+13183=35913 | 1058 | 2116 |
| 1.1.12 से 31.3.12 | 17860+4200+14339=36399 | 18530+4200+14775=37505 | 1106 | 3318 |
| 1.4.12 से 30.6.12 | 19220+45200+15223=38643 | 19220+4400+15353=38973 | 330 | 990 |
| 1.7.12 से 30.9.12 | 19220+4200+16862=40282 | 19220+4400+17006=40626 | 344 | 1032 |
| | | | **योग** | **₹8309** |

अतः न्यास स्तर पर आन्तरिक ज़ाँच करके अपेक्षित राशि की वसूली की जाए तथा उनका वेतन नियमानुसार निर्धारित किया जाए

**(ग) श्री बाबा बालक नाथ मन्दिर न्यास दियोट सिद्ध में कार्यरत्त कर्मचारियों को विशेष भत्ता के फलस्वरूप ₹236278/– के अधिक भुगतान करने बारेः–**

अंकेक्षण के दौरान यह पाया गया कि श्री बाबा बालकनाथ मन्दिर न्यास दियोटसिद्ध में कार्यरत्त कर्मचारियों को वेतन व भत्तों का भुगतान सरकारी कर्मचारियों के बराबर नहीं दिया जाता था तथा न्यास द्वारा **परिशिष्ट "V"** में प्रस्तुत विवरणानुसार सम्बन्धित कर्मचारियों को उनकी मन्दिर न्यास से बाहर अर्थात उपायुक्त कार्यालय हमीरपुर व एस0डी0ओ0 (सी) एवम अध्यक्ष मन्दिर न्यास बढ़सर में तैनाती के दौरान उपायुक्त एवं आयुक्त न्यास बाबा बालक नाथ दियोटसिद्ध की पूर्व स्वीकृति पर वेतन के अतिरिक्त विशेष भत्ते का भुगतान किया जाता रहा था। तत्पश्चात माननीय उच्च न्यायालय के आदेशों एवम निर्णय दिनाँक 6.01.2012 के अनुरूप न्यास के कर्मचारियों को

दिनाँक 1.1.96 से सरकारी कर्मचारियों के बराबर वेतन प्रदान करने के निर्देश दिये गये थे तथा एस0डी0ओ0 (सी) एवम अध्यक्ष न्यास बाबा बालक नाथ के कार्यालय आदेश संख्या 288/टी0ए0–1/एस0डी0बी0/2012 दिनाँक 17.3.2012 द्वारा माननीय उच्च न्यायालय की अनुपालना करते हुये अवधि 1.1.96 से वेतन तथा भत्तों की बकाया राशि के भुगतान हेतु भी आदेश पारित किये गये थे। अंकेक्षण के दौरान यह पाया गया कि न्यास द्वारा अपने कर्मचारियों का सरकारी कर्मचारियों के बराबर वेतनमान भुगतान करती बार पूर्व में भुगतान किये गये विशेष भत्ते को आहरित विवरण (Drawn Statement) मे ंनहीं दर्शाया गया परिणामस्वरूप इन कर्मचारियों को ₹236278/– का अधिक भुगतान किया गया है जिसकी वसूली करके तथा अनुपालना अभिलेख सहित आगामी अंकेक्षण पर दर्शाई जानी सुनिश्चित की जाए।

इसके अतिरिक्त अंकेक्षण के दौरान यह भी पाया गया कि अवधि 1/04 से 12/04 के पैरा संख्या 6(66) में वर्णित 13 में से केवल 10 कर्मचारियों एवं अन्य कुछ कर्मचारियों को अनियमित रूप से दिए गए विशेष भत्ते की वसूली के बारे में मन्दिर न्यास द्वारा उक्त वर्णित **परिशिष्ट "V"** पर अंकेक्षण को सूचना उपलब्ध करवाई है तथा शेश 3 कर्मचारियों यथा श्री देस राज (क्रम सं0 2), श्री अमित कुमार (क्र0स0ं 5) एवं श्री सुरेश कुमार (क्र0सं0 13) को दिए गए अनियमित विशेष भत्ते के बारे में कोई सूचना उपलब्ध नहीं करवाई गई है। इस सन्दर्भ में अंकेक्षण को अवगत करवाया जाए कि उक्त वर्णित 3 कर्मचारियों को अनियमित रूप से दिए गए विशेष वेतन भत्ते की वसूली हेतु इन्हें **परिशिष्ट "V"** में सम्मिलित क्यों नहीं किया गया है। यदि मन्दिर न्यास द्वारा इन कर्मचारियों को अनियमित रूप से दिये गये विशेष वेतन भत्ते की वसूली पूर्व में ही कर ली गई है तो इस सन्दर्भ में अंकेक्षण को अवगत करवाएं कि न्यास द्वारा इन कर्मचारियों को अनियमित रूप से दिए गए विशेष भत्ते की वसूली कब–कब की गई है तथा यह भी सुनिश्चित करें कि न्यास द्वारा अनियमित रूप से दिए गए विशेष भत्तों की उन सभी कर्मचारियों से वसूली कर ली गई है जिनके नाम उक्त वर्णित **परिशिष्ट "V"** में अंकित नही है।

**(घ ) हिमाचल प्रदेश की अधिसूचना में पदों का वर्णन न होने पर भी न्यास के कर्मचारियों को ग्रेड पे दिए जाने के बारे में:–**

एस0डी0ओ0 (सी) बढ़सर एवम अध्यक्ष श्री बाबा बालक नाथ मन्दिर न्यास दियोटसिद्ध द्वारा अपने कार्यालय आदेश संख्या 1044/टी0ए0/एस0डी0बी/2012 दिनाँक 25.10.2012 के अन्तर्गत न्यास कर्मचारियों को माह 1.10.2012 से ग्रेड वेतन का निम्नानुसार भुगतान किया गया है जबकि प्रधान सचिव (वित्त) हिमाचल प्रदेश सरकार (वेतन परिशोधन) विभाग्र की अधिसूचना संख्या फिन

(पी0आर0) बी (7)–64/2010 दिनाँक 27.9.2012 व अधिसूचना संख्या फिन (पी0आर0) बी(7)–64/2010 दिनाँक 15.7.201 में जारी ग्रेड पे में इन पदों का वर्णन नहीं किया गया है।

| क्र0सं0 | नाम | पदनाम | अवधि 1.10.12 को विद्यमान वेतन | अवधि 1.10.12 से प्रदान किया गया ग्रेड वेतन |
|---|---|---|---|---|
| 1 | श्री रघुवीर चन्द | इलैक्ट्रीशियन | 10950+1950 | 10950+2400 |
| 2 | श्री सुरेश कुमार | पम्प ओपरेटर | 10950+1950 | 10950+2400 |
| 3 | श्री प्रकाश चन्द | बेलडर | 10950+1950 | 10950+2400 |
| 4 | श्री जोगिन्द्र सिंह | स्कयोरिटी गार्ड | 10240+1950 | 10240+2400 |
| 5 | श्री रूप सिंह | –यथोपरि– | 10240+1950 | 10240+2400 |
| 6 | श्री विपन | फीटर | 8600+1900 | 8600+2400 |
| 7 | श्री अशोक कुमार | पुजारी | 10640+2400 | 10640+2800 |
| 8 | श्री सुरेश कुमार | पुजारी | 10640+2400 | 10640+2800 |
| 9 | श्री नरेश दत्त | –यथोपरि– | 10640+2400 | 10640+2800 |
| 10 | श्री मदन लाल | –यथोपरि– | 10640+2400 | 10640+2800 |
| 11 | श्री प्रदीप कुमार | –यथोपरि– | 10640+2400 | 10640+2800 |

अतः प्रदेश सरकार की अधिूसचना में पदो ंके वर्णन के बिना ही उक्त ग्रेड पे देने का औचित्य स्पष्ट किया जाए।

**11 बजटः–**

**(क) बजट प्रावधान से अधिक व्यय करने बारेः'–**

मन्दिर न्यास द्वारा उपलब्ध करवाई सूचना **परिशिष्ट (vi)** के अनुसार वर्ष 2012 मे संस्थापना में व्यय हेतु कुल ₹89400000/– का बजट प्रावघान था परन्तु उक्त मद पर वर्ष 2012 ₹115223581/– का वास्तविक व्यय किया गया अर्थात बजह से ₹25823581/– का अधिक व्यय किया गया जिस हेतु सक्षम अधिकारी से स्वीकृति प्राप्त नहीं की गई। अतः बजट प्रावधान से अधिक व्यय करने का औचित्य स्पष्ट किया जाये तथा अधिक व्यय की गई राशि को सक्षम अधिकारी की स्वीकृति से नियमित करवाया जाये तथा अनुपालना आगामी अंकेक्षण में दर्शाई जाये।

### (ख) बिना बजट प्रावधान के ₹1.24 करोड़ का व्यय करने बारेः–

मन्दिर न्यास द्वारा उपलब्ध करवाई गई सूचना **परिशिष्ट (vi)** के अवलोकन पर यह पाया गया कि मन्दिर न्यास द्वारा वर्ष 2012 में किये गए व्यय में से कुछ मदों के लिए बजट प्रावधान नहीं था परन्तु उन मदों पर भी निम्न विवरणानुसार व्यय किये गये।

| क्र0सं0 | मद का नाम | बजट प्रावधान | वास्तविक व्यय |
|---|---|---|---|
| 1 | Instalation of hand pump | Nil | |
| 2 | Retaining wall along Longer Ground | Nil | 150999 |
| 3 | Moidification of Baba Ji Ka Dhuna | Nil | 219918 |
| 4 | Two Community Center | Nil | 40000 |
| 5 | C.C. T.V. Cameras | Nil | 264129 |
| 6 | Trafic Contral Lights at Bijhari | Nil | 20000 |
| 7 | Disaster Fund | Nil | 1000000 |
| 8 | C.M. relief fund | Nil | 5100000 |
| 9 | Pur chases of Cement | Nil | 410035 |
| 10 | High Mast Light | Nil | 501140 |
| | | **राशि** | **₹12406541** |

अतः बिना बजट प्रावधान के ₹12406541/– व्यय करने का औचित्य स्पष्ट किया जाये तथा अनियमित रूप में व्यय की गई राशि को सक्षम अधकारी की स्वीकृति से नियमित करवाया जाना सुनिश्चित किया जाये।

## 12 मन्दिर न्यास द्वारा संचालित जलपान गृह (कैन्टीन) से सम्बन्धित अनियमितताएंः–

### (क) जलपान गृह (कैन्टीन) के कूपनों की बिक्री से प्राप्त आय की राशि में ₹1515/– को रोकड़ बही/बैंक खाते में कम जमा करवाने बारेः–

मन्दिर न्यास द्वारा संचालित जलपान गृह (कैन्टीन) के कूपनों से सम्बन्धित अभिलेख की जाँच में पाया गया कि निम्नविवरणानुसार कैन्टीन के कूपनों की बिक्री से प्राप्त ₹1515/– रोकड़ बही व बैंक खाते में कम जमा करवाई गई। अंकेक्षण द्वारा आपत्ति उठाने पर ₹1515/– की चूककर्ता से वसूली करके दिनाँक 8.1.2014 को यूको बैंक दियोटसिद्ध में उक्त निधि में जमा करवा

दी गई जिसकी पुष्टि अंकेक्षण के दौरान कर दी गई। अतः भविष्य के लिए सुझाव दिया जाता है कि आन्तरिक निरीक्षण प्रणाली को सुदृढ़ करके इस तरह के प्रकरणों पर रोक लगाई जा सके।

| क्र0 सं0 | दिनाँक | सामग्री/वस्तु का नाम | कूपन रसीद नं0 | कैन्टीन रजिस्टर में दर्ज कुल बिक्री राशि | वास्तव में दर्ज होने वाली बिक्री राशि | अन्तर की राशि |
|---|---|---|---|---|---|---|
